# 29

# कथन व पूर्वधारणा (Statement & Assumption)

**इस प्रकार की परीक्षा में एक कथन दिया होता है तथा उसके साथ ही दो या तीन पूर्वधारणाएँ दी होती हैं। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आपको दिए हुए कथन और दी हुई पूर्वधारणाओं को ध्यान में लेकर उन दो या तीन पूर्वधारणाओं में से कौनसी कथन में अन्तर्निहित है इसका निर्णय करना होता है।**

इसे समझने के लिए निम्न उदाहरण है जिसे आप ध्यान से पढ़ें तथा निम्न प्रश्नों का उत्तर दें -

**उदा. : 1. कथन :** जनसंख्या सबसे बड़ी प्रदूषक है।

**पूर्वानुमान : I.** बढ़ी हुई जनसंख्या सबसे बड़ा संसाधन है।

**II.** निरक्षर जनसंख्या गंदगी और हीनता की जनक है।

(a) केवल I निकलता है।

(b) केवल II निकलता है।

(c) I और II दोनों निकलते हैं।

(d) दोनों में से कोई पूर्वानुमान नहीं निकलता।

**हल : (b)** पूर्वधारणा-I अंतनिर्हित नहीं है क्योंकि इसके अनुसार बढ़ी हुई जनसंख्या सबसे बड़ा संसाधन है जो कि दिए गए कथन के विपरीत है। दिए गए कथन में जनसंख्या को एक समस्या के रूप में लिया गया है। पूर्वधारणा -II कथन को स्पष्ट करती है कि बढ़ी हुई जनसंख्या से निरक्षरता बढ़ेगी व निरक्षर जनसंख्या गंदगी और हीनता की जनक है।

**उदा.: 2. कथन:** स्कूल के अधिकारियों ने 5 से 15 वर्ष के आयु - वर्ग के सभी छात्रों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता करने का निर्णय लिया।

**पूर्वानुमान : I.** 5 – 15 आयु - वर्ग के सभी छात्र प्रतियोगिता में भाग लेंगें।

**II.** 15 वर्ष से अधिक आयु वालों को भाग लेने की जरूरत नहीं।

(a) केवल I निकलता है।

(b) केवल II निकलता है।

(c) I और II दोनों निकलते हैं।

(d) दोनों में से कोई पूर्वानुमान नहीं निकलता।

**हल : (c)** कथन से यह स्पष्ट है कि 5-15 आयु वर्ग के सभी विद्यार्थी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे और 15 से ऊपर आयुवर्ग के विद्यार्थियों को हिस्सा लेने की आवश्यकता नहीं है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न

1. **कथन :** जनसंख्या विस्फोट के कारण भारत में जीवन की गुणवत्त में गिरावट आयी है।

**पूर्वधारणाएँ:I.**जनसंख्या एवं जीवन की गुणवत्ता परस्पर संबंधित है।

**II.**जनसंख्या एवं जीवन की गुणवत्ता परस्पर संबंधित है।

(a) II अन्तर्निहित है। (b) दोनों I व II अन्तर्निहित हैं।

(c) I अन्तर्निहित है।

(d) I व II में से कोई अन्तनिर्हित नहीं है।

2. **कथन :** जन सम्पर्क साधनों द्वारा अत्याधिक हिंसा के प्रदर्शन के कारण, आक्रामक छेड़छाड़ में वृद्धि हो रही है।

**पूर्वधारणाएँ:I.**दूरदर्शन (टी.वी.) का दर्शकों पर प्रभाव पड़ता है।

**II.**लोग आक्रामक स्वभाव के हैं।

(a) केवल I का पालन हुआ है।

(b) केवल II का पालन हुआ है।

(c) I व II दोनों का पालन हुआ है।

(d) न तो I का और न ही II का पालन हुआ है।

3. **कथन :** उत्कृष्टता हेतु काम करने वाले शिक्षक ही पुरस्कार के पात्र हैं।

**पूर्वधारणाएँ: I.**सभी शिक्षक मेहनत से काम करते हैं।

**II.**केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार मिलता है।

(a) पूर्वधारणा I ही अन्तर्निहित है।

(b) पूर्वधारणा II ही अन्तर्निहित है।

(c) पूर्वधारणा I व II दोनों ही अन्तर्निहित है।

(d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है।

4. **कथन :** हँसो तो सारा संसार तुम्हारे साथ हँसेगा।

**पूर्वधारणाएँ: I.** लोग आम तौर से हँसते हैं।

**II.** हँसने से प्रसन्नता प्राप्त होती है।

(a) केवल I ही अन्तर्निहित है।

(b) केवल II ही अन्तर्निहित है।

(c) I व II दोनों ही अन्तर्निहित है।

(d) न तो I और न ही II अन्तर्निहित है।

5. **कथन :** हमें वृक्ष के नीचे नहीं सोना चाहिए।

**पूर्वधारणाएँ :I.**वृक्ष से गिरने वाली पत्तियों से हमारे कपड़े खराब हो सकते हैं।

**II.** वृक्ष रात में $CO_2$ गैस निकालते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

(a) केवल I ही निहित है। (b) केवल II ही निहित है।

(c) I और II दोनों ही निहित है।

(d) न तो I और न ही II निहित है।

6. **कथन :** विश्वविद्यालय की परीक्षा में अधिकांश प्रत्याशी हिन्दी माध्यम से लिखते हैं।

**पूर्वधारणाएँ :**

(a) इस परीक्षा में बैठने वाले सभी प्रत्याशी हिन्दी में उत्तर लिखते है।
(b) इस परीक्षा में कोई भी प्रत्याशी अपनें उत्तर हिन्दी के अलावा नहीं लिखता।
(c) इस परीक्षा में अधिकतर हिन्दी माध्यम वाले प्रत्याशी ही बैठते हैं।
(d) इस परीक्षा के कुछ प्रत्याशी हिन्दी में लिखते हैं।

7. **कथन :** 27 वर्ष के कारावास ने नेल्सन मंडेला को राष्ट्रपति बना दिया।
**पूर्वधारणाएँ:I.** जिस व्यक्ति को 27 वर्ष का कारावास दिया जाएगा वह राष्ट्रपति बन जाएगा।
**II.** राष्ट्रपति बनने के लिए कारावास एक योग्यता है।
(a) केवल I ही निहित है (b) केवल II ही निहित है
(c) I और II दोनों ही निहित है (d) न तो I और न ही II निहित है

8. इस प्रश्न में एक कथन दिया गया हैं, जिसके आगे दो पूर्वानुमान I और II निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि यह वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए कथन में से कौन-सा निश्चित रूप से सही पूर्वानुमान निकाला जा सकता है। अपने उत्तर को A, B, C या D से निर्दिष्ट कीजिए।
**कथन :** जनसंख्या सबसे बड़ी प्रदूषक है।
**पूर्वधारणाएँ : I.**बढ़ी हुई जनसंख्या सबसे बडा संसाधन हैं।
**II.** निरक्षर जनसंख्या गंदगी और हीनता की जनक हैं।
(a) केवल I ही निहित है (b) केवल II ही निहित है
(c) I तथा II दोनों निहित है
(d) न तो I और न II निहित है

9. नीचे दिये प्रश्न में एक कथन के बाद चार अनुमान दिये गये हैं। इनमें से सबसे उचित को चुनिए -
प्रभाकर द्वारा लिखी सभी पुस्तकें पाठ्यपुस्तकें है। उसकी कुछ पुस्तकों को पीताम्बर पब्लिशिंग कम्पनी ने प्रकाशित किया है।
(a) पीताम्बर पब्लिशिंग कम्पनी द्वारा प्रकाशित सभी पुस्तकों को प्रभाकर ने लिखा है।
(b) प्रभाकर द्वारा लिखे कुछ समीक्षात्मक निबन्धों को पीताम्बर पब्लिशिंग कम्पनी ने प्रकाशित किया है।
(c) प्रभाकर द्वारा लिखी कुछ पुस्तकों को पीताम्बर पब्लिशिंग कम्पनी से पृथक अन्य प्रकाशकों ने प्रकाशित किया है।
(d) पीताम्बर पब्लिशिंग कम्पनी केवल पाठ्यपुस्तकों को प्रकाशित करती है।

10. **कथन :** यदि वह बुद्धिमान है, तो वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाएगा।
**पूर्वधारणाएँ : I.**परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए उसे बुद्धिमान होना चाहिए।
**II.**वह परीक्षा उत्तीर्ण कर लेगा।
(a) केवल I निहित है। (b) केवल II निहित है।
(c) I और II दोनों निहित है।
(d) दोनों में से कोई निहित नहीं है।

11. **कथन :** स्कूल के अधिकारियों ने 5 से 15 वर्ष के आयु-वर्ग के सभी छात्रों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता करने का निर्णय लिया।
**पूर्वधारणाएँ:I.** 5 – 15 आयु-वर्ग के सभी छात्र प्रतियोगिता में भाग लेंगे।
**II.**15 वर्ष से अधिक आयु वालों को भाग लेने की जरूरत नहीं।
(a) केवल I निकलता है (b) केवल II निकलता है
(c) I व II दोनों निकलते हैं
(d) दोनों में से कोई पूर्वानुमान नहीं निकलता।

12. एक वक्तव्य दिया गया है, जिसके आगे दो पूर्वानुमान, और निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता है। आपको निर्णय करना है कि दिये गये पूर्णनुमानों में से कौन-सा निश्चित रूप से सही वक्तव्य निकाल सकता है। अपने उत्तर को दिये हुए चार विकल्पों में से निर्दिष्ट कीजिए।
**कथन :** यदि लोग बुद्धिमान हों तो उन्हें सृजनशील होना चाहिए।
**पूर्वधारणाएँ:I.**सृजनशील और बुद्धिमत्ता परस्पर संबंधित हैं।
**II.** सृजनशील लोग बुद्धिमान होते हैं।
(a) केवल मान्य है (b) केवल मान्य है
(c) दोनों मान्य हैं (d) दोनों अमान्य हैं

13. **कथन :** आदमी जन्मजात स्वतंत्र है।
**पूर्वधारणाएँ: I.** स्वतंत्रता आदमी का जन्मसिद्ध अधिकार है।
**II.** सभी मानवों को मानव अधिकार हैं।

14. **कथन :** भौंकते कुत्ते बिरले ही काटते हैं।
**पूर्वधारणाएँ : I.** कुत्ते सदैव भौंकते हैं।
**II.** कुछ कुत्ते काटते हैं।

15. **कथन :** यहाँ विद्यालय खोलने की कोई आवश्यकता नहीं है।
**पूर्वधारणाएँ : I.** इस क्षेत्र के बच्चे नहीं पढ़ते हैं।
**II.** इस क्षेत्र में पहले ही अनेक विद्यालय हैं।

16. **कथन :** तनाव और भाग-दौड़ की जिंदगी के चलते आपकी पाचन-क्रिया प्रभावित होती है।
**पूर्वधारणाएँ : I.** जिन्दगी में तनाव है।
**II.** पाचन-क्रिया की कोई सुरक्षा नहीं है।

17. नब्बे के शुरूआती दशक में भारत, अमेरिका के सबसे बड़े आयातक के लिए पुन: उभर कर आया।
**पूर्वधारणाएँ : I.** सोवियत संघ के शीघ्र राजनैतिक गतिविधियों के कारण भारत-अमेरिका पर विश्वास करने लगा।
**II.**अमेरिका एक ऐस देश था जो भारत की आवश्यकताओं को पूरा करना चाहता है।

18. यदि जलप्रदूषण वर्तमान में दर से बढ़ता रहा तो जलीय पादपों के लिए ऑक्सीजन अणु मिलना मुश्किल हो जायेगा।
**पूर्वधारणाएँ :I.**जल प्रदूषण जल पादपों की वृद्धि पर प्रभाव डालता है।
**II.** जल प्रदूषण पानी में ऑक्सीजन की मात्रा घटाता है।

19. **कथन :** इस ओवन को घर ले जाये और आप बहुत सारे जायकेदार व्यंजन तैयार कर सकते है जो आप पहले तैयार नहीं कर सकते थे। X मार्क की ओवन का एक विज्ञापन।
**पूर्वधारणाएँ I.** प्रयोग करनेवाला व्यक्ति स्वादिष्ट व्यंजन बनाने का

तरीका तो जानता है परंतु उसके पास बनाने के लिए उचित ओवन नहीं है।

**II.** केवल -X मार्क ओवन ही बहुत जायकेदार व्यंजन तैयार कर सकती है।

20. **कथन :** कृपया नोट करे कि कंपनी केवल बाहरी अभ्यर्थियों के चुने जाने पर ठहरने का स्थान सुलभ करायेगी। किसी विज्ञापन में एक शर्त ।

**पूर्वधारणाएँ : I.**स्थानीय अभ्यर्थी ठहरने की व्यवस्था स्वंय करे।

**II.**केवल स्थानीय अभ्यर्थियों के चयन करने की कम्पनी की योजना है।

21. यातायात के संकेतों को संचालन करते समय यातायात पुलिस को प्रदूषण रोधी मास्क दिये जाने चाहिये।

**पूर्वधारणाएँ : I.** यातायात पुलिस प्रदूषणरोधी मास्क पहनने के बाद ही अपने कर्तव्य कर पालन कर सकेगी।

**II.** मास्क को पहनना सुरक्षित भी है एवं इसका कोई बुरा प्रभाव भी नहीं है।

22. कृपया उतरते समय लिफ्ट का प्रयोग न करे। एक पांच मंजली ईमारत के ऊपरीतल पर एक निर्देश ।

**पूर्वधारणाएँ : I.** नीचे उतरते समय लिफ्ट भार को ले जाने में अक्षम होती है।

**II.** लिफ्ट का प्रयोग एक सुविधा है न कि अधिकार।

23. आप अपनी अच्छी मुस्कान नये लोगो को अपने साथ लगा सकते है।

**पूर्वधारणाएँ : I.**यह आवश्यक है कि नये लोग अपने साथ मिलाये जाये।

**II.**अनजान व्यक्तियों के लिए भी मुस्कराना हमारे लिए सम्भव है।

24. **कथन :** कृपया अपना दोपहर का भोजन 1.30 बजे तक खत्म कर लें–ऑफिस में एक नोटिस।

**पूर्वधारणाएँ: I.** नोटिस में जो सलाह दी गई है लोग उसका अनुपालन नहीं करते हैं।

**II.** व्यक्ति नोटिस को पढ़ एव समझ सकता है।

25. **कथन :** 'आपसे बैठक के बाद रात के खाने पर भी शामिल होने की प्रार्थना है।' पत्र का अन्तिम वाक्य।

**पूर्वधारणाएँ :I.** यदि साफ वर्णित न हो तो हो सकता है कि रात के खाने की आशा से न आए।

**II.**व्यक्ति रात के खाने का निमंत्रण स्वीकार करेंगें।

26. **कथन :** "X कम्पनी के आटे का इस्तेमाल कर पौष्टिकता का मजा लीजिए– अखबार मे लिखा एक विज्ञापन"

**पूर्वधारणाएँ:I.**लोग विज्ञापन के मूल तथ्यों पर आकर्षित नहीं होते हैं।

**II.**जरा सी बातों को सुनकर मनुष्य आशावान दिखने लगाता है।

27. **कथन :** जंगल में टहलना कोई सामान्य बात नहीं है।

**पूर्वधारणाएँ : I.** जंगल भ्रमण करने का स्थल नहीं है

**II.** जंगल में टहलने से कुछ लोग डरते हैं

28. **कथन :**सर्दी के दिनों में धूप की प्राप्ति से लोगों में खुशियाँ छा जाती है।

**पूर्वधारणाएँ : I.** सर्दी में धूप सदैव दिखाई नहीं पड़ती है

**II.** धूप कभी भी उदासी का कारण नहीं होती है

29. **कथन :** अपहरणकर्ताओं की परछाई तक न छू सकी पुलिस-मधुकर ने सिबेश से कहा।

**पूर्वधारणाएँ : I.** पुलिस चोर को नहीं पकड़ सकती है।

**II.** अपहरणकर्ता पुलिस की चंगुल से बाहर हैं।

30. **कथन :** कार्यक्रम 6 बजे के बाद शाम को आरम्भ होगा परन्तु आप शाम के 7 बजे आ सकते हैं और लेकिन बाद में भी कोई समस्या नहीं होगी।

**पूर्वधारणाएँ : I.** कार्यक्रम 7 बजे बाद भी जारी रहेगा।

**II.** कार्यक्रम उस समय तक आरम्भ ही न हो।

31. **कथन :** टिकट खिड़की पर नोटिस 'कृप्या पंक्ति में आईये'

**पूर्वधारणाएँ:I.**जब तक निर्देश नहीं दिया जाये लोग पंक्ति नहीं बनायेंगे।

**II.**लोग किसी भी तरह से टिकट खरीदना चाहते हैं।

32. **कथन :** हमें आपूर्तिकर्ता को सभी भुगतान तीन कार्य दिवसों कर देने चाहिए।

**पूर्वधारणाएँ:I.**हमारे पास फंड में भुगतान के लिए हमेशा आवश्यक धन है।

**II.**हमारे अन्दर इतनी क्षमता है कि हम बिलों का सत्यापन और शोधन 3 कार्यदिवसों में कर सकें।

33. **कथन :** वह राजनैतिक पार्टी 'एल'का एक लोकप्रिय नेता है।

**पूर्वधारणाएँ:I.**'एल' पार्टी के कुछ नेता लोकप्रिय नहीं है।

**II.** राजनैतिक पार्टीयों का निर्माण नेताओं और अनुगामियों से मिलकर होता है।

34. **कथन :** चूँकी भारी मांग है अत: प्रत्येक ऐसे व्यक्ति की जोकि प्रोग्राम का टिकट लेना चाहता है केवल 5 टिकट दिये जायेंगे।

**पूर्वधारणाएँ :I.**आयोजक टिकट बेचने के बारे में उत्साही नहीं है।

**II.** कोई भी 5 से अधिक टिकट पाने में रुचि नहीं रखता है।

## व्याख्या सहित उत्तर

1. (c) पूर्वधारणा-I निहित है, क्योंकि जनसंख्या एवं जीवन की गुणवत्ता परस्पर सम्बंधित होने के कारण भारत की जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आई है, यदि यह सम्बंधित नहीं होती तो जनसंख्या विस्फोट से जीवन की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, अत: पूर्वधारणा-II असत्य है।

2. (a) लोग स्वभाव से आक्रामक नहीं होते है, परन्तु उन पर मीड़िया का प्रभाव पड़ा है। अत: पूर्वधारणा-I सत्य है एवं II असत्य है।

3. (b) मेहनत का कथन से कोई सम्बंध नहीं है अत: पूर्वधारणा I निहित नहीं है। परंतु कथनानुसार स्पष्ट है कि केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए ही पुरस्कार मिलता है। अत: पूर्वधारणा-II निहित है।

4. (b) लोग आमतौर पर हँसते हैं या नहीं हँसते इसका कथन से कोई सीधा सम्बंध नही है अत: पूर्वधारणा-I पूर्णत: सत्य नहीं है तथा हँसने से प्रसन्नता का प्राप्त होना कथन से स्पष्ट संकेत प्राप्त होते है अत: पूर्वधारणा-II सत्य है।

5. (b) कथन में वृक्ष के नीचे सोना हानिकारक है अत: पूर्वधारणा-II निहित है जिससे स्पष्ट होता है कि रात को पौधे $CO_2$ गैस छोड़ते है, जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

6. (c) पूर्वानुमान (c) ही सत्य है, क्योंकि अधिकतर हिन्दी माध्यम के प्रत्याशी

Downloaded from www.pdfaadda.in

ही परीक्षा में बैठते है जो हिन्दी माध्यम में उत्तर लिखते हैं।

7. (d) 27 वर्ष का कारावास नेल्सन मंडेला की प्रसि) का कारण बना जिसके कारण वह राष्ट्रपति बना परंतु अनुमानों में कारावास को प्रसि) का कारण न बताकर एक राष्ट्रपति बनने की योग्यता बताया गया है जो दोनों पूर्वधारणाओं को असत्य कर देता है।

8. (b) पूर्वानुमान-II से यह स्पष्ट होता है कि अधिक जनसंख्या से गंदगी एवं हीनता बढ़ती है जो कथन की पुष्टि करता है।

9. (c) पूर्वानुमान (c) से स्पष्ट है कि कुछ पाठ्यपुस्तकें जो पीताम्बर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित नहीं हुई वे अन्य प्रकाशकों ने प्रकाशित की है।

10. (a) कथनानुसार परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए बुद्धिमान होना आवश्यक है जो पूर्वानुमान-I में दर्शाया गया है।

11. (c) कथन से स्पष्ट है कि प्रतियोगिता में 5-15 आयु वर्ग के भाग लेंगे और इस आयुवर्ग से बाहर के छात्रों का प्रतियोगिता में भाग लेना आवश्यक नहीं है अत: पूर्वानुमान-I एवं II दोनों निहित है।

12. (b) पूर्वानुमान I असत्य है क्योंकि सृजनशीलता एंव बुद्धिमता परस्पर संबंधित हो तो कथन की आवश्यकता ही नहीं होती तथा पूर्वानुमान-II सत्य है, क्योंकि सृजनशीलता, बुद्धिमता का अगला पद है। अत: सृजनशील लोग बुद्धिमान होते हैं।

13. (a) अवधारणा-I स्पष्टत: कथन में अन्तर्निहित है तथा अवधारणा-II का कथन से कोई सम्बंध नहीं है।

14. (e) सदैव भौंकने वाले कुछ ही कुत्ते काटते है अत: दोनों अवधारणा सत्य है।

15. (b) अवधारणा-I असत्य है क्योंकि बच्चों को पढ़ाने के लिए विद्यालय की आवश्यकता होती है परन्तु यदि क्षेत्र में पहले से ही अनेक विद्यालय हो तो वहाँ अन्य विद्यालय खोलनें की आवश्यकता नहीं है अत: अवधारणा-II सत्य है।

16. (a) अवधारणा-I सत्य है क्योंकि जिंदगी में तनाव होने के कारण ही कथन दिया गया है तथा अवधारणा-II असत्य है, क्योंकि पाचन क्रिया की सुरक्षा अगर नहीं होती है तो कथन सार्थक नहीं होता है।

17. (d) पूर्वधारणा-I असत्य है क्योंकि आयात और विश्वास में कोई सीधा सम्बंध कथन में नहीं है, तथा पूर्वधारणा-IIभी असत्य है क्योंकि आवश्यकताओं की पूर्ति करना यह इच्छाा अमेरिका की थी न की भारत की।

18. (d) पूर्वानुमान -I व II दोनों सत्य है कि जल में ऑक्सीजन की कमी होने से जलीय पादपों की वृद्धि रूक जायेगी एंव प्रदूषण से ऑक्सीजन के अणुओं की मात्रा घटती है।

19. (a) पूर्वानुमान-II असत्य है, क्योंकि ऐसा कथन में नहीं कहा गया है कि केवल X- मार्क वाले ओवन ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाते हैं।

20. (a) पूर्वानुमान-I सत्य हैं, क्योंकि ऐसा कथन से स्पष्ट है कि कम्पनी बाहरी अभ्यार्थियों के ठहरने की ही व्यवस्था कर रही है न कि स्थानीय अभ्यार्थियों की, पूर्वनुामन-II असत्य है, क्योंकि कम्पनी की योजना स्थानीय एवं बाहरी दोनो तरह के अभ्यार्थियों को चुनने की है।

21. (b) यातायात पुलिस पहले से ही संकेतों का संचालन कर रही है अत: पूर्वानुमान-I असत्य है। मास्क पहनना सुरक्षित एवं इसका कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है यह सही है। अत: पूर्वानुमान-II सत्य है।

22. (b) पूर्वानुमान-I असत्य है, क्योंकि उतरने के समय लिफ्ट सक्षम या अक्षम ऐसा कथन दर्शाया नहीं है अत: लिफ्ट का प्रयोग एक सुविधा है, न कि अधिकार। अत: पूर्वानुमान-II सत्य है।

23. (b) नये लोगों को अपने साथ मिलाया जाना आवश्यक है, ऐसा कथन में भी है। अत: पूर्वानुमान-I असत्य एवं II सत्य है।

24. (e) दोनों पूर्वधारणा अन्तर्निहित है, क्योंकि लोगों द्वारा दिये गये निर्देश की अनुपालना नहीं करने के कारण नोटिस लगाया गया है तथा नोटिस को व्यक्ति पढ़ एवं समझ सकते हैं।

25. (e) बैठक एक उद्देश्य से बुलायी गई है उसमें सम्मिलित व्यक्तियों के खाने की व्यवस्था है, अन्य व्यक्तियों के लिए नहीं। अत: पत्र से आमंत्रित व्यक्ति खाने का निमंत्रण स्वीकार करेंगे।

26. (b) विज्ञापन देने का अर्थ है कि अधिक से अधिक उस पर ध्यान दें तथा यह भी सम्भव है कि वे इनके पहलुओं को नजरअन्दाज नहीं करते हैं इसी दृष्टि से पूर्वधारणा एक असत्य तथा दूसरी सत्य हो जाती है।

27. (b) कथन की मूल भावना यह नहीं दर्शा रही कि जंगल में टहलना नहीं चाहिए। इसी कारण पूर्व धारणा एक असत्य हो जाती है। परन्तु दूसरी पूर्वधारणा सत्य है क्योंकि कथन की धारणागत भावना से इस तथ्य की यह स्पष्टता झलकती है कि कुछ व्यक्ति जंगल में टहलने से अवश्य डरते हैं।

28. (a) पूर्वधारणा-I अन्तनिर्हित है क्योंकि सर्दी में धूप सदैव दिखाई न देने के कारण ही इस की प्राप्ति से लोगों में खुशियाँ छा जाती हैं, तथा अवधारणा-II अन्तर्निहित नहीं है, क्योंकि कथन में यह नहीं कहा गया है कि धूप सदैव प्रसन्नता देती है।

29. (b) पूर्वधारणा एक असत्य है क्योंकि कथन में अपहरणकर्त्ता के बारें में बताया गया है चोर के बारे में नहीं परन्तु पूर्व धारणा II को असत्य नहीं कहा जा सकता है कि कथन की मूल स्थिति से पुलिस द्वारा अपहरणकर्त्ताओं के न पकड़े जाने का जिक्र है।

30. (a) पूर्वधारणा-I निहित है क्योंकि कथन में 7 बजे के लिए भी कहा गया है जो कार्य के जारी रहने की ओर इंगित करता है। कार्यक्रम 7 बजे से पहले आरम्भ होगा अत: पूर्वधारणा-II अन्तर्निहित नहीं है।

31. (e) लोग किसी भी तरह से टिकट प्राप्त करने के लिए कोशिश करेंगे जिससे वे बिना निर्देश पंक्ति नहीं बनायेंगे।

32. (e) फण्ड में धन है और भुगतान करने की क्षमता है अत: दोनों पूर्व धारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हो जाती है।

33. (d) पूर्वधारणाओं I और II में से किसी के विषय में कोई संकेत नहीं दिया गया।

34. (a) पूर्वधारणा एक अन्तर्निहित है, क्योंकि आयोजक भारी मांग के कारण टिकटों की बिक्री से आश्वस्त है तथा उन्होनें टिकटों की बिक्री पर प्रतिबंध भी लगाया है परन्तु अवधारणा-II से स्पष्ट है कि कुछ व्यक्ति 5 से अधिक टिकट लेना चाहते है अत: अवधारणा-II असत्य है।